>

Title: Need to construct an airport in Sasaram, Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): बिहार के रोहतास एवं कैमूर से दिल्ली, मुम्बई, राँची, कलकत्ता, तथा लखनऊ आदि शहरों के बीच विमान सेवा की अपार संभावनाएं हैं जहाँ वैश्विक महत्व के अनेक धरोहर यथा शेरशाह सूरी का मकबरा, मुण्डेश्वरी धाम, ताराचण्डी धाम, रोहतासगढ़ किला, धुआँकुण्ड, इन्द्रपुरी बराज तथा बुद्ध मूर्ति स्थल होने के कारण पर्यटकों एवं आम यात्रियों के आकर्षण का यह क्षेत्र केन्द्र बना हुआ है । रोहतास, कैमूर, बक्सर तथा औरंगाबाद जिलों के बौद्ध सर्किट पर स्थित होने के कारण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का दक्षिण बिहार में काफी संख्या में आवागमन लगा रहता है, जहाँ विमान सेवा नहीं होने के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही है तथा अनावश्यक अतिरिक्त समय एवं खर्च का बोझ वहन करना पड़ता है । विमान सेवा शुरू होने से आम लोगों एवं पर्यटकों को तो सुविधा होगी ही व्यवसायिक गतिविधियाँ भी बढ़ेगी तथा सरकार को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी ।

सरकार से विशेष अनुरोध है कि दक्षिण बिहार की हृदयस्थली सासाराम में हवाई अड्डा का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र कराने की कृपा की जाए ।